भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

04 अप्रैल 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, भवानीपटना (कालाहांडी) ओडिशा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

ओडिशा की जनता का भारतीय जनता पार्टी के प्रति उत्साह और समर्थन देखकर निश्चित है कि राज्य में अगली सरकार भाजपा की ही बनने वाली है। मैं विशेषकर आपसे अपील करने आया हूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश भर में चल रही विकास की महायात्रा से जुड़कर नया ओडिशा बनाएं

****

अभी-अभी सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट के विरोध में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने भारत बंद का एलान किया और इसमें 10 लोगों की जानें चली गई। जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूसरे दिन ही आश्वासन दे दिया था और केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने वाली थी, तब आखिर भारत बंद का एलान क्यों किया गया?

****

भारत बंद के कारण 10 लोगों की जानें गई हैं, इसकी जिम्मेदारी पूर्णतया कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों की है और उन्हें यह जिम्मेदारी लेनी होगी

****

यह अफवाह फैलाई जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी रिजर्वेशन को हटाने जा रही है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी द्वारा निर्मित देश के संविधान में हमारी पूर्ण आस्था है। मैं एक बार फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी न रिजर्वेशन हटाएगी और न ही रिजर्वेशन हटने देगी

****

मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में ओडिशा को विकास के लिए लगभग 2,11,510 करोड़ रुपये दिए हैं जो पिछली सरकारों की तुलना में कहीं ज्यादा है। इसके अलावे लगभग 45,000 करोड़ रुपये अलग से ओडिशा को दिए गये हैं लेकिन फिर ओडिशा विकास में पीछे क्यों है

****

ओडिशा के विकास के लिए राज्य में एक ऐसी सरकार चाहिए जो मोदी सरकार के कंधे-से-कंधा मिलाकर ओडिशा को मॉडल स्टेट के रूप में डेवलप करने के लिए अहर्निश काम करे और यह केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है

****

"आयुष्मान भारत" योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों के पांच लाख रुपये सालाना तक का स्वास्थ्य खर्चे का भार उठायेगी

****

मोदी सरकार ने किसानों को उनकी फसल के लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का निर्णय लिया है जो किसानों के जीवन-स्तर को उंचा उठाने में सहायक सिद्‌ध होगा।

****

हम ओडिशा को एक ऐसा राज्य बनाना चाहते हैं जहां युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर न होना पड़े

****

ओडिशा में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं लेकिन नवीन पटनायक जी के पास भारतीय जनता पार्टी को कोसने के अलावे कोई काम ही नहीं है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज ओडिशा के कालाहांडी स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, भवानीपटना में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और ओडिशा की बदहाली के लिए बीजू जनता दल की नवीन पटनायक सरकार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने राज्य की जनता से राज्य के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि **मैं माणिकेश्वरी और महाप्रभु जगन्नाथ जी की भूमि पर आपको प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश भर में चल रही विकास की महायात्रा से जुड़ने की अपील करने आया हूँ।** उन्होंने कहा कि **ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी के प्रति उत्साह और समर्थन देखकर यह निश्चित है कि राज्य में अगली सरकार भाजपा सरकार की बनने वाली है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अभी-अभी सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट के विरोध में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने भारत बंद का एलान किया और इसमें 10 लोगों की जानें चली गई। उन्होंने कहा कि **जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूसरे दिन ही आश्वासन दे दिया था, केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने वाली थी तब आखिर भारत बंद का एलान क्यों किया गया?** उन्होंने कहा कि **भारत बंद के कारण 10 लोगों की जो जानें गई हैं, इसकी जिम्मेदारी पूर्णतया कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों की है और उन्हें यह जिम्मेदारी लेनी होगी।** उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में

अफवाहें फैलाई जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी रिजर्वेशन को हटाने जा रही है। उन्होंने कहा कि **मैं एक बार फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी न रिजर्वेशन हटाएगी और न ही रिजर्वेशन हटने देगी।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह स्पष्ट किया है कि देश के संविधान में हमारी पूर्ण आस्था है। उन्होंने कहा कि **बाबा साहब अंबेडकर जी ने जो संविधान बनाया है उसमें आरक्षण के बारे में तिल मात्र भी बलाव करने की किसी की हिम्मत नहीं है और भारतीय जनता पार्टी इसमें बदलाव करने भी नहीं देगी।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **नवीन पटनायक जी 18 सालों से ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं लेकिन आज भी राज्य के 36% घरों में बिजली नहीं पहुँची है, आज भी राज्य के 50 लाख लोग कच्चे घरों में रहने को विवश हैं, 12 हजार गाँव अभी भी सड़कों से जुड़े हुए नहीं हैं।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने यह तय किया है कि **2021 से पहले देश के हर घर में बिजली पहुंचाया जाएगा, 2022 तक हर परिवार को पक्का छत मुहैया कराया जाएगा और हर गाँव को पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **केंद्र की मोदी सरकार द्वारा न्यूट्रिशन के लिए लाखों रुपये भेजे जाने के बावजूद ओडिशा में बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं।** उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवा बदहाल है और आये दिन इसकी ख़बरें मीडिया में छायी रहती है। उन्होंने कहा कि **"आयुष्मान भारत" योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों के पांच लाख रुपये सालाना तक के स्वास्थ्य खर्चे का भार उठायेगी।** उन्होंने कहा कि इसी तरह आजादी के बाद से ही देश के किसान फसल के उचित मूल्य की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस सरकार ने कभी इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि **यह मोदी सरकार है जिसने किसानों को उनकी फसल के लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का निर्णय लिया है जो किसानों के जीवन-स्तर को उंचा उठाने में सहायक सिद्ध होगा।**

श्री शाह ने कहा कि राज्य की शिक्षण व्यवस्था दयनीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि **ओडिशा की एक भी यूनिवर्सिटी देश के पहले 100 विश्वविद्यालयों की सूची में नहीं आती है।** उन्होंने कहा कि **भारत सरकार ने तय किया है कि विश्वविद्यालयों की सूची में जो यूनिवर्सिटी टॉप करेगी, उसे भारत सरकार 20 करोड़ रुपये देगी लेकिन ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार इस प्रतिस्पर्द्धा में शामिल भी नहीं होना चाहते।** उन्होंने कहा कि राज्य में कई ऐसे स्कूल हैं जहां पहली से पांचवी कक्षा तक केवल एक ही शिक्षक हैं, साथ ही लगभग 66% विद्यालय ऐसे हैं जहां शिक्षकों की कमी है लेकिन नवीन पटनायक सरकार के कानों पर जूं भी नहीं रेंगती।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ओ**डिशा में पानी की कोई कमी नहीं है लेकिन पटनायक सरकार के 18 वर्षों के शासन के बाद भी राज्य की केवल 33% भूमि ही सिंचित है, आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है।** उन्होंने कहा कि देश के विकास में ओडिशा के युवाओं का मेहनत व पसीना लगा हुआ है लेकिन ओडिशा का विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि **हम ओडिशा को एक ऐसा राज्य बनाना चाहते हैं जहां युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर न होना पड़े।** उन्होंने कहा कि **ओडिशा**

में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं लेकिन नवीन पटनायक जी के पास भारतीय जनता पार्टी के विरोध के अलावे कोई काम ही नहीं है।

श्री शाह ने कहा कि ओडिशा के विकास के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में ओडिशा को विकास के लिए लगभग 2,11,510 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो पिछली सरकारों की तुलना में कहीं ज्यादा है।** उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने रेलवे के लिए लगभग 20,000 करोड़, जलमार्ग के लिए 2000 करोड़, ग्राम ज्योति योजना के लिए 1700 करोड़, इंटीग्रेटेड पावर डेवलपमेंट के लिए 1000 करोड़, पारदर्शी नीलामी में राज्य की हिस्सेदारी के तौर पर लगभग 14000 करोड़, पांच नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 600 करोड़, तीन पुराने मेडिकल कॉलेज के अपग्रेडेशन के लिए 453 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 532 करोड़, स्मार्ट सिटी के लिए 380 करोड़, स्वच्छ भारत अभियान के लिए 130 करोड़, पुरी प्रसाद योजना के लिए 50 करोड़, तटीय सर्किट योजना के लिए 76 करोड़ और अमृत योजना के लिए 1600 करोड़, **कुल मिलाकर लगभग 45,000 करोड़ रुपये अलग से ओडिशा को दिए हैं लेकिन फिर ओडिशा विकास में काफी पीछे है।**

भाजपा अध्यक्ष ने नवीन पटनायक की बीजद सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। **ओडिशा के विकास के लिए राज्य में एक ऐसी सरकार चाहिए जो मोदी सरकार के कंधे-से-कंधा मिलाकर ओडिशा को मॉडल स्टेट के रूप में डेवलप करने के लिए अहर्निश काम करे और यह केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव